सार-समाचार

रथ का स्वागत किया

उदयपुर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व की महत्वाकांक्षी रथ यात्रा जनाक्रोश यात्रा के तीसरे दिन उदयपुर ग्रामीण विधानसभा के दीनदयाल उपाध्याय मंडल में आवरी माता मंदिर से शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात आवरी माताजी मंदिर पर चौपाल के बाद यहां से यात्रा शुरू होते हुए सेंट्रल एरिया, गारियावास, पीपली चौक, हनुमान गली होती हुई गायरीयावास पर महिला मोर्चा द्वारा रथ का स्वागत किया गया और चौपाल की गई।चौपाल में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कविता जोशी, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, यात्रा प्रभारी जिनेंद्र शास्त्री, संयोजक अमृत मेनारिया ने संबोधित किया।उसके बाद यात्रा परशुराम चौराहा होते हुए टेकरी रोड पर पानेरियों की मादड़ी में पानी की टंकी के पास चौपाल की गई। यहां से पानेरियों की मादडी में प्रमुख मार्ग से होते हुए से. 5 गायत्री नगर कच्ची बस्ती सेटेलाइट हॉस्पिटल व से.6 में घूमते हुए हिरणमगरी थाने के पास युवा मोर्चा के द्वारा स्वागत किया गया एवं चौपाल की गई।

किरोड़ीलाल मीणा दिल्ली रवाना

उदयपुर, (कासं)। राज्यसभा सांसद डॉ किरोडी लाल मीना मंगलवार को दिल्ली रवाना हो गए। जहां वे बुधवार से राज्यसभा सांसद में भाग लेंगे। वे रविवार रात उदयपुर पहुंचे थे और सोमवार सुबह वे उदयपुर से सिरोही जिले के शिवंगज में हुई कार्तिक भील की हत्या के के बाद परिवार को न्याय दिलाने के लिए शिवगंज के निकले थे लेकिन उन्हें पिण्डवाडा से 15 किमी पहले मालेरा टोल पर भारी पुलिस बल की मौजूदगी में रोक दिया गया। इसके बाद वे पुनः उदयपुर आ गए और रात्रि विश्राम यहीं किया। आज वे यहां से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। इससे पूर्व डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि मुझे सिरोही जाने से पहले टोल नाके पर पुलिस द्वारा रोकना गहलोत सरकार का फेलियर है। उन्होंने कहा कि मैं कार्तिक भील की हत्या के बाद उनके परिवार को न्याय मिले इसमें लिए जा रहा था। इसके साथ ही किरोड़ी ने कहा कि पूरे राजस्थान में जहां कहीं भी दिनदुखी, गरीब, असहाय पर अत्याचार होगा मैं वहां पहुंचूंगा।

प्रो. सारंगदेवोत कमिश्नर मनोनीत



उदयपुर, (कासं)। विश्व जल आयोग स्वीडन ने जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. (कर्नल) एस एस सारंगदेवोत को आयोग की भारतीय शाखा का कमिश्नर मनोनीत किया है। प्रो. सारंगदेवोत द्वारा विश्व पर्यावरण और जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के मद्देनजर विश्व जल आयोग के संस्थापक संरक्षक रमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता वाटरमैन डॉ. राजेंद्र सिंह ने बताया कि प्रो. सारंगदेवोत आने वाले समय में पर्यावरणीय समस्याओं, जल और बदली जलीय परिस्थितियों की दिशा में कार्य करेंगे। आयोग का मुख्य उद्देश्य भावी पीढ़ी के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और सुन्दर प्रकृति की सोच को मूर्त रूप प्रदान करना है। इस दिशा में विद्यापीठ की मेजबानी में 8 से 10 दिसम्बर तक विश्व जल सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन की तैयारियों के मद्देनजर मंगलवार को विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया।

अम्बेडकर की पुण्यतिथि मनाई

उदयपुर, (कासं)। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा शहर जिला उदयपुर द्वारा कोर्ट चौराहा स्थित अंबेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विधानसभा नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, भाजपा शहर जिला अध्यक्ष रविंद्र श्रीमाली, जिला महामंत्री मनोज मेघवाल, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश सुथार, ऐसी मोर्चा प्रदेश मंत्री शैलेंद्र चौहान, भाजपा आईटी सेल प्रदेश सह संयोजक तुषार जिंदल, ऐसी मोर्चा जिला अध्यक्ष सत्यनारायण मोची, ऐसी मोर्चा जिला महामंत्री गोपाल सालवी, रोशन वसीटा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल अध्यक्ष विजय आहूजा, ऐसी मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश जीनगर, प्रहलाद चौहान, बलवंत कुर्डिया, कैलाश निमावत, राजेश गवारिया, कनवर निमावत, अरुण सांवरिया, देवेंद्र परमार, कमलेश परमार, मुकेश जोशी, पार्षद देवेंद्र साहू आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विद्यार्थियों का हिमोग्लोबिन जांचा

बांसवाड़ा, (निसं)।राजकीय आयुर्वेद औषधालय हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर पिथापुरा की ओर से राउमावि थापडा में कक्षा दसवीं व ग्यारवी के विद्यार्थियों के लिए हिमोग्लोबिन जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 65 छात्र-छात्राओं में रक्ताल्पता की जांच की गई वहीं स्टाफ ने भी अपना हिमोग्लोबिन चेक करवाया। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ सौरभ गांधी ने बताया कि छात्रों की अपेक्षा छात्राओं में रक्ताल्पता अधिक पाई गई। शरीर में थकान रहना, चेहरे, नाखून और आंखों के रंग में फीकापन, सांस चढना, अनियमित मासिक धर्म रहना, शरीर में दर्द, भूख की कमी, सर दर्द आदि लक्षणों का होना ही शरीर में रक्त अल्पता की स्थिति को दर्शाता है। अतः उन्हें अपनी नियमित आहार में गुड, चना, हरी सब्जियां, ताजे फल, दूध, आंवला ऐसे पदार्थों को सम्मिलित करने की सलाह दी गई।

छात्रों को स्टेशनरी व स्वेटर बांटे

उदयपुर, (कासं)। सद्भाव सेवा फाउण्डेशन के तत्वावधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चीरवा में संगोष्ठि आयोजित की गई और प्रतिभावन छात्र छात्राओं को स्टेशनरी एवं स्वेटर देकर प्रोत्साहित किया गया। फाउण्डेशन के अध्यक्ष ओम अग्रवाल ने कविताओं, कहानियों के जरिये बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए बच्चों को पर्यावरण बचाने के विषय पर जानकारियां दी और बच्चों को स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण बचाने के लिए प्रयास करने हेतु प्रेरित किया। अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में बच्चों से कहा कि चीरवा गांव के बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, अध्यापक, वैज्ञानिक, व्यापारी, किसान बनकर न सिर्फ अपना बल्कि समाज व देश के विकास में अपना योगदान दे सकता है।

भारत लोकतंत्र की जननी, जी-20 देशों को बहुत उम्मीदें’

उदयपुर में जी-20 के ऑपरेशन विशेषाधिकारी मुक्तेश के. परदेशी ने पत्रकारों को संबोधित किया।

उदयपुर, (कासं)। जी-20 के ऑपरेशन विशेषाधिकारी मुक्तेश के. परदेशी ने कहा की जी-20 देशों के अलग-अलग ग्रुप की भारत में 200 से ज्यादा बैठके होंगी। दिल्ली में सितम्बर 2023 में भारत की अध्यक्षता में जी-20 प्राइम मिनिस्टर्स की बैठक होगी। जिससे पहले देश के हर राज्य में विभिन्न वर्किंग ग्रुप की बैठके चलेंगी। जिसका मुख्य उद्देश्य देश की नीति के साथ प्रदेश की संस्कृति को भी बढावा देना है। खास बात ये है कि इसका आगाज उदयपुर शहर से हो चुका है।

मुक्तेश परदेशी मंगलवार को यहां पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 13 से 16 दिसम्बर को डवलपमेंट वर्किंग ग्रुप की मीटिंग मुम्बई में और फाइनेंस ग्रुप की बेंगलुरू में 16 से 18 दिसम्बर तक होगी। इसके अलावा राजस्थान ऐसा प्रदेश होगाए जहां तीन बडे शहरों उदयपुर के बाद जोधपुर व जयपुर में भी इनके अलग-अलग ग्रुप की मीटिंग होगी। जी-20 की मेजबानी फिलहाल इमर्जिंग देशों मिल रही है जिसमें इंडोनेशिया के बाद भारत को मिली है।न्यूजीलैंड और मेक्सिको में भारत के राजदूत रहे परदेशी ने कहा कि जी 20 ऐसे समय हो रहा है जब दुनिया हमारी तरफ देख रही है। उन्होंने बताया की कोविड के समय न्यूजीलैंड का हॉस्पिटिलिटी सेक्टर बुरी तरह चरमरा गया था। वैक्सीन के लिए दुनिया हमारी तरफ देख रही थी।

न्यूजीलैंड में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग सिस्टम नहीं है राजदूते रहते समय मुझे लोग पूछते थे कि भारत में ये कैसे संभव हो पाता है। ऐसे में जी20 देशों को भारत से बडी उम्मीद है।परेशी ने कहा की जी-20 देशो में भारत एक बड़ा मुल्क होने के साथ ही लोकतंत्रीय शासन व्यवस्था की जन्मस्थली भी है,यहाँ लोकतंत्र की जड़े मजबूत होने से जी-20 देशो की भारत से अपेक्षाएं भी अधिक है, इसलिए इस सम्मेलन का महत्व बढ़ जाता है।

उन्होंने कहा की जी-20 सम्मेलन एक जन आन्दोलन है,यह केवल डिप्लोमेटिक बैठक तक ही सिमित नही है। इस सम्मलेन के बड सम्मेलन भाग लेने वाले देशो के साथ हमारे रिश्ते और भी प्रगाढ़ होंगे और पर्यटन एवं व्यवसाय को गति मिलने के साथ ही आर्थिक एवं तकनिकी क्षेत्र में भी इजाफा होगा ।परदेशी ने बताया की बैठक में अधिकांश आर्थिक मुद्दों एवं विकास पर परस्पर सामंजस्य-समन्वय पर मंथन हो रहा है। उन्होंने बताया की देश के 20०मुख्य शहरो में यह सम्मेलन होगा, जिसके कारण उन शहरो का जी-20 शहरो में प्रचार ड्क्तप्रसार होगा और यहाँ के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस प्रकार के और भी सम्मेलन देश में प्रस्तावित है जिसके कारण देश को एक नई दिशा मिलेगी।

जी-2० सम्मेलन को लेकर परदेशी ने कहा की इस में भाग ले रहे शेरपा उदयपुर की संस्कृति, स्थापत्य और राजसी आतिथ्य से अभिभूत है। इन सभी शेरपाओ को बुधवार को एतिहासिक कुंभलगढ़ किले और और रणकपुर के प्राचीन जैन मंदिरों की सैर करवाई जायेगी, ताकि वे देख सके की तत्कालीन हिन्दू राजाओ ने अन्य धर्म होने के उपरांत भी जैन धर्म को कितना आदर दिया और जैन मंदिरो का निर्माण करवाकर उनका संरक्षण कर अपनी धर्मिक सहिष्णुता का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि कुंभलगढ़ का किला भी अपनी स्थापत्य कला से शेरपाओ को आकर्षित करेगा।

संदेश यात्रा का किया स्वागत

उदयपुर, (कासं)। भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय के संयोजन से विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी (राजस्थान प्रांत) द्वारा राजस्थान में 5० दिनों की संदेश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विवेकानंद संदेश यात्रा का उदयपुर पहुँचने पर आलोक संस्थान, से. 11 मेनरोड़ पर आलोक संस्थान के निदेशक डॉ. प्रदीप कुमावत के नेतृत्व में पुष्प वर्षा व आरती कर स्वागत किया।

सयोजक संजीव भारद्वाज ने बताया कि इस अवसर पर डॉ. प्रदीप कुमावत द्वारा रचित देश की पहली स्वामी विवेकानंद पर आरती का लोकार्पण किया गया।इस आरती को संगीत में संयोजन आलोक संस्थान के मनमोहन भटनागर ने किया। आलोक संस्थान की बालिकाओं द्वारा पुष्प वर्षा एवं सुंदर की प्रस्तुति द्वारा, छात्रों द्वारा बैण्ड द्वारा विवेकानंद यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप कुमावत ने सम्बोधित करते हुए कहा कि विवेकानन्द भारतीयता को पाश्चात्य में सही पहचाने दिलाने वाले पहले राजदूत थे। स्वामी विवेकानन्द के जीवन से बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

अपहृत बालिका छह घंटे में दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार

गोगुन्दा थाना पुलिस ने बालिका के अपहरण की सूचना के छह घटे में बालिका को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

उदयपुर, (कासं)। गोगुन्दा थाना पुलिस ने बालिका के अपहरण की सूचना के छह घटे में बालिका को दस्तियाब कर आरोपी को भी गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित राजपूतों का मोहल्ला गोगुन्दा निवासी मुकेश पुत्र सोहनलाल कहार भोई ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 5 दिसंबर सायं मेरी बच्ची लाजवंती (5) जो मकान के बाहर चौतरे पर खेल रही थी एवं पत्नी मकान में काम कर रही थी। कुछ समय बाद बाहर देखा तो पुत्री के नहीं मिलने पर मुझे जानकारी दी। इस पर उसकी इधर-उधर तलाश की लेकिन पता नहीं चला। इसी दौरान पड़ोसी बच्ची हर्षिता वैष्णव (6) पुत्री पंकज वैष्णव ने लाजवंती को घर के बाहर से उठा कर रावले की तरफ ले जाने की जानकारी दी। इसकी सूचना मिलने पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया, पुलिस उप अधीक्षक भुपेन्द्रसिंह के सुपरविजन में गोगुन्दा थानाधिकारी यागेन्द्र व्यास के नेतृत्व में गठित दल ने मिले साक्ष्यों एवं परिजनों से की गई पूछताछ के आधार पर छह घंटे में अपहृत बालिका को दस्तियाब कर परिजनों सुपुर्द किया तथा आरोपी नाईयों का गुडा गोगुन्दा निवासी कालु गाडुलिया लौहार पुत्र खातु गाडुलिया लौहार को गिरफ्तार किया। बालिका को दस्तियाब करने एवं आरोपी को गिरफ्तार करने में कांस्टेबल नन्द किशोर गुर्जर, ओमप्रकाश, विशनोई, ओमप्रकाश चौधरी, रामस्वरूप की विशेष भूमिका रही।

राजसमंद में केन्द्रीय संचार ब्यूरो की मल्टीमीडिया प्रदर्शनी आज से

उदयपुर, (कासं)। केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से ०7 से ०9 दिसम्बर तक गायत्री शक्तिपीठ, किशोरनगर (मंडा) राजसमन्द के हॉल में अमृतयात्रा (इंडिया एट 2047) तीन दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

केंद्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं पर केंद्रित इस प्रदर्शनी में विभिन्न अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसमें वर्चुअल रियलिटी, मोशन गेम्स, ऑनलाइन क्विज, 360 डिग्री कैमेरा, सेल्फी मिरर आदि के माध्यम से दर्शकों को मनोरंजक और आकर्षक ढंग से विभिन्न योजानाओं की जानकारी दी जाएगी और भविष्य के प्रौद्योगिकी सम्पन्न भारत के दर्शन कराये जाएंगे। मीणा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से दर्शक नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर अपनी जीवंत उपस्थिति महसूस कर पाएंगे। ऑनलाइन क्विज के माध्यम से दर्शक यहां लगाए गए टैबलेट पर क्विज में भागीदार हो सकते हैं। प्रदर्शनी के विभिन्न जोन में अलग-अलग विषयों और योजनाओं पर जानकारी प्रदर्शित की गई है। हर जोन में एक एलईडी टीवी लगा है, जिस पर उस विषय या योजना से सम्बन्धित फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा यहाँ लगाए गए कैमरे के माध्यम से 360 डिग्री एंगल में दर्शक अपना वीडियो बना सकते हैं। सेल्फी मिरर के माध्यम से प्रधानमंत्री के साथ अपनी तस्वीर ले सकते हैं। इसके अलावा दर्शक मोशन गेम्स और फिजिकल एक्टिविटी में भी हिस्सा ले सकते हैं। मल्टीमीडिया प्रदर्शनी में आजादी के महानायक, राजस्थान के स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रमुख घटनाओं के साथ-साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत, महिला सशक्तिकरण, आयुष्मान भारत, भारतीय जनऔषधि परियोजना, स्वच्छ भारत मिशन, फिट इंडिया, अग्निपथ योजना, किसानों से सम्बन्धित योजनाएं, पोषण और मिशन इंद्रधनुष योजना, गतिशक्ति योजना, नयी शिक्षा नीति सहित केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं पर पैनल लगाए गए हैं। इस अवसर पर अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा।

जी-20 शेरपा बैठक में परदेशी पावणों पर चला राजस्थानी लोक संगीत का जादू

शेरपा बैठक में शामिल होने आए विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने शिल्पग्राम का भ्रमण किया।

- शिल्पग्राम में शेरपाओं ने उठाया जमकर लुत्फ, कोई बैठा ऊंट पर तो किसी ने किया कच्ची घोड़ी डांस

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर में चल रहे चार दिवसीय जी-20 समिट के तीसरे दिन मंगलवार को सिटी पैलेस के माणक चौक पर सम्पूर्ण भारत के प्रमुख शास्त्रीय एवं लोक नृत्य की रंगारंग झलक परदेशी पावणों को प्रस्तुत की गई। ‘सर्वेशं भारत:‘ शीर्षक पर आधारित इस प्रस्तुति के आरम्भ में प्रोजेक्शन मैपिंग के माध्यम से भारत के विभिन्न पर्यटक स्थलों को रंग बिरंगी लेजर लाईट्स एवं मधुर संगीत के माध्यम से जीवंत किया गया।

भारत के शेरपा अमिताभ कांत ने पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की और राजस्थान सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि शेरपा बैठक के मेहमानों को राजस्थान की समृद्ध संस्कृति से रूबरू कराने के उद्देश्य से 4 से 7 दिसम्बर तक पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

इस अवसर पर राजस्थान सरकार की मुख्य सचिव उषा शर्मा और प्रमुख शासन सचिव, पर्यटन विभाग, गायत्री राठौड़ भी उपस्थित रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजस्थानी पारम्परिक लोक नृत्य, भारतीय शास्त्रीय एवं लोक नृत्य का जादू चलाते हुए चरी, गैर एवं घूमर के अतिरिक्त तमिलनाडु का भरतनाट्यम, ओडिशा से ओडिसी, गोटीपुआ एवं मयूरभंज छाऊ नृत्य, केरल के मोहिनीअट्टम नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद कलाकारों द्वारा प्रस्तुत उत्तर प्रदेश के कत्थक नृत्य, मणिपुर का मणिपुरी, आंध्र प्रदेश काकुचिपुड़ी, केरल का कथकली, मणिपुर से पुंग चोलोम, गुजरात के गरबा, पंजाब के भांगड़ा नृत्य ने सभी का मन मोह लिया।

इसी क्रम में अगली प्रस्तुति असम के बगरुम्बा, गुजरात के डांगी, त्रिपुरा के होजागिरी, मध्य प्रदेश के बधाई और कश्मीर के कश्मीरी नृत्य ने सभी को भारत के समृद्ध सांस्कृतिक ताने बाने से सराबोर कर दिया। इसके अलावा राजस्थान के फैशन की भव्यता को पेश किया गया। राजस्थानी टैक्सटाईल की कालातीत निरंतरता के माध्यम से राज्य के लुभावने पारंपरिक एवं समसामयिक पहनावे को बेहद रोचक तरीके से पेश किया गया।

जी-20 की बैठकों के दौरान सभी शेरपा मंगलवार देर शाम शिल्पग्राम पहुंचे। सभी शेरपाओं ने शिल्पग्राम की कला संस्कृति का जमकर लुत्फ उठाया। प्रदेश व देश की गौरवशाली नृत्य व संगीत परम्पराओं को प्रदर्शित करती लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों को अन्य देशों से पधारे जी-20 शेरपा एकटक निहारते ही रह गए और मिट्टी व अन्य धातुओं से बनी विभिन्न सजावटी कलाकृतियों को देख अभिभूत हुए। इस दौरान ब्राजील के शेरपा ने कच्छी घोड़ी डांस किया वहीं कई अन्य शेरपा ऊंट पर बैठकर शिल्पग्राम का दौरा करते नजर आए। इस दौरान विदेशी अतिथियों ने यहां के लोक कलाकारों के साथ जमकर फोटो भी खिंचवाएं।

‘बायर्स-सेलर्स मीट’ का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर में आयोजित हो रही जी-20 की प्रथम शेरपा बैठक के अंतर्गत जिले से चयनित उत्पादों के निर्यात प्रोत्साहन हेतु बायर्स-सेलर्स मीट का आयोजन मंगलवार को शिल्पग्राम, उदयपुर में किया गया। भारत सरकार द्वारा व्दम क्पेजतपबज व्दम च्तवकनबज योजना के तहत जिले में मार्बल एवं ग्रेनाइट उत्पाद का चयन किया गया है। इसमें उदयपुर मार्बल प्रोसेसर्स समिति एवं उदयपुर मार्बल एसोसिएषन के उद्यमियों द्वारा 25 स्टॉल पर विभिन्न प्रकार के मार्बल एवं ग्रेनाईट स्टोन एवं आर्टिकल्स का प्रदर्षन किया गया है।

इस अवसर पर जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक मंजु माली ने बताया कि जी-20 कार्यक्रम के सभी शेरपाओं द्वारा प्रमुख मार्बल उद्यमियों से मिलकर मेवाड क्षेत्र से निकलने वाले मार्बल एवं ग्रेनाईट की विषेषताओं एवं मार्बल इनसे बनाए गए कलात्मक आर्टिकल्स एवं निर्यात संबंधी जानकारी ली गई। उन्होंने मार्बल वं ग्रेनाइट स्टोन्स एवं कलात्मक उत्पादों की सराहना की एवं निर्यात की अपार संभावना व्यक्त की।

शेरपाओं ने बताया कि उनके देशों में भारत के मार्बल्स, ग्रेनाइटस, मिनरल्स एवं कलात्मक आर्टिकल्स की बहुत ज्यादा मांग है।

सार-समाचार

ठगी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने सरकारी नौकरी दिलाने का झासा देकर पीडित सोटवारा मुकन्दगढ जिला झुन्झनू हॉल सेक्टर 4 न्यू विद्यानगर राधाकृष्ण अपार्अमेंट निवासी कुलदीपसिंह पुत्र चौथमल ने रिपोर्ट दी कि वष्र 2019 में बीएसी पूर्ण करने के बाद नौकरी की आवश्यकता होने पर परिचित रायसिंह नगर जिला गंगानगर निवासी जगसीर गिल पुत्र जागीरसिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रायसिंहनगर में लेब टेक्निशियन के पद पर होने व नौकरी दिलाने का विश्वास दिलाया तथा अनेक युवकों को नौकरी दिलाने एवं उनके ज्वाईनिंग लैटर बताए। पीडित को इन्कम टेंक्स विभाग में इन्कमटेक्स इंस्पेक्टर पद के लिए 25 लाख रूपये देने की बात कही। विश्वास कर नकदी दे दी । जगसीर सिंह ने दिल्ली की विजयलक्ष्मी राठी के बारे में बताया तथा अन्य दोस्तों को नौकरी दिलाने के एवज में दो वर्ष में करीब 1 करोड़ 20 लाख रूपये का भुगतान किया। जगसीर सिह गिल व विजय लक्ष्मी राठी, द्रोपदी देवी व अन्य लोगो द्वारा आपस में मिलकर मेरे व मेरे अन्य दोस्तो को अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर हम से कुल०1 करोड 20 लाख रुपये हडप लिये। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर ठाकुर चन्द्रशील, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में हिरणमगरी थानाधिकारी रामसुमेर मीणा के नेतृत्व में गठित दल ने धोखाधडी के आरोपी खोखरावाली थाना समिचा कोठी श्रीगंगानगर निवासी विजयलक्ष्मी पुत्र हिमताराम राठी, खोखरावाली थाना समिचा कोठी श्रीगंगानगर निवासी द्रोपदी राठी पत्नी विजयलक्ष्मी बी हडसन लेन, गुरू तेग बहादुर नगर, नई दिल्ली निवासी संदीप सिडाणा पुत्र सुरेन्द्रपालसिंह तथा गाग लहरा संगरूर पंजाब निवासी सतगुरूसिंह पुत्र मैजर सिंह को गिरफ्तार किया।

अग्र भागवत कथा 8 से 10 तक

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन संस्थान द्वारा अग्रकुल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन जी की उदयपुर संभाग में पहली प्राण प्रतिष्ठा एवं पहली बार अग्र भागवत कथा का त्रिदिवसीय आयोजन 8 से 10 दिसंबर तक अग्रसेन नगर स्थित अग्रसेन भवन में होगी।उदयपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन संस्थान के महामंत्री चंचल कुमार अग्रवाल ने बताया कि संभाग की पहली अग्रसेन भगवान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा एवं पहली बार अग्र भागवत कथा के आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है। पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष श्री के के गुप्ता के सानिध्य में प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष मदन लाल अग्रवाल के मुख्य संयोजन में जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल के नेतृत्व में इस आयोजन को समस्त अग्र बंधुओं के लिए आयोजित किया जा रहा है।मुख्य संयोजक प्रकाश चंद्र अग्रवाल एवं मदन लाल अग्रवाल ने बताया कि भगवान अग्रसेन जी की प्रतिमा का निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति श्री केदारनाथ खेतान ने अपने पूज्य माता पिता की स्मृति में कराया एवं इसकी प्राण प्रतिष्ठा उनके परिवार द्वारा की जा रही है। बुधवार को शाम 4 बजे से 6 बजे तक विद्वान पंडितों के सानिध्य में प्रतिष्ठा पूर्व विभिन्न नवाचारो का आयोजन किया जाएगा तत्पश्चात गुरुवार प्रात 8 बजे से 12.15 बजे तक भगवान अग्रसेन जी की प्रतिमा की भव्य प्राण प्रतिष्ठा अग्रसेन नगर स्थित अग्रवाल भवन में मंदिर परिसर में की जाएगी। इस हेतु श्री अग्रसेन नगर विकास समिति के द्वारा भगवान की स्थापना हेतु परिसर उपलब्ध कराया गया जहां पर मंदिर का निर्माण कर उसमें भगवान अग्रसेन जी की प्रतिमा की प्रतिष्ठा की जाएगी। जिला अग्रवाल सम्मेलन संस्थान के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार को प्रतिष्ठा के पश्चात दोपहर 3 से 4 बजे तक श्री अग्र भागवत कथा के प्रारंभ होने से पूर्व महिला समिति द्वारा भव्य कलश यात्रा अग्रसेन नगर मैं निकाली जाएगी।

शिविर में 15 यूनिट रक्तदान

डूंगरपुर, (निसं)। भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्माण दिवस के उपलक्ष्य में ब्लड बैंक सामान्य चिकित्सालय रक्तदान शिविर में कुल 15 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर आयोजक डॉ. प्रवीण कुमार बैरवा ने बताया कि शिविर का शुभारंभ प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. महेश पुकार, अधीक्षक डॉ. महेन्द्र डामोर एवं आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना सिंघल की उपस्थिति में हुआ। इस शिविर में पूर्व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. कांतिलाल मेघवाल, डॉ. प्रतीक मीणा, डॉ. प्रवीण कुमार बैरवा, डॉ. ताराचंद ब्राहमि एवं अनिल त्यागी के अलावा मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत छात्रों के द्वारा रक्तदान किया गया। शिविर में डॉ. कल्पेश जैन, नर्सिग अधीक्षक राकेश अहारी, जिला नर्सिग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बंशीलाल कटारा, बच्चूसिंह बैरवा एवं कवित जोशी सहित कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में डॉ. प्रतीक मीणा, ब्लड बैंक पीआरओ पदमेश गांधी, पूनम राठौड, अनिल लबाना, अनिल त्यागी, अंजली पाटीदार, तारा यादव एवं मुकेश बलात द्वारा कार्य सम्पादित किया गया। शिविर में सभी रक्तदाताओं को ब्लड बैंक की और से सम्मान पत्र एवं डॉर्नर कार्ड प्रदान किये गये।

छात्रवृत्ति के आवेदन आमंत्रित

उदयपुर, (कासं)।मुस्लिम समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को रमा मेहता चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से वर्ष 2022-23 के लिए दी जाने वाली छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। संयोजक जाहिद मोहम्मद मंसूरी ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा इस बार उदयपुर तालीम तरबीयत फाउंडेशन को आवेदन प्राप्त करने के लिए अधिकृत किया है, ऐसे में सभी प्रतिभावान विद्यार्थी निर्धारित प्रारूप में अंतिम तिथि 15 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए विद्यार्थी को वर्ष 2021-22 की वार्षिक परीक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने होंगे वहीं परिवार के मुखिया की वार्षिक आय 4 लाख रुपये से कम होनी चाहिए। इसके साथ ही विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा, विकलांग माता पिता के पुत्र-पुत्री और अनाथ विद्यार्थियों को 6० प्रतिशत से अधिक अंकों से उत्तीर्णता में छूट दी गई है। आवेदक को किसी भी स्कूल-कॉलेज में अध्ययनरत होना अनिवार्य है और आवेदन संबंधित प्राचार्य से अनुशंसित होना चाहिए।

दर निर्धारण बैठक अब 9 को

उदयपुर, (कासं)। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के निर्देशानुसार में जयसमंद वन्यजीव अभयारण्य में जिप्सी सफारी हेतु वाहनों के पंजीकरण एवं दर निर्धारण बैठक अब 8 दिसंबर के स्थान पर 9 दिसंबर को आयोजित होगी। मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) आर.के.खैरवा ने बताया कि स्थानीय स्टेक होल्डर्स के साथ यह बैठक सुबह 11 बजे चेटक सर्किल स्थित वन भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की जाएगी। उन्होंने होटल एसोसिएशन, टूरिस्ट गाईड एसोसिएशन व ट्रेवल्स एसोसिएशन के सदस्यों व संबंधित स्टेक होल्डर्स को संशोधित दिनांक अनुसार बैठक में भाग लेने के निर्देश दिए है ताकि आगे की कार्यवाही की जा सके।

बहन से मिलने आए भाई की मौत

उदयपुर, (कासं)। बहन से मिलने आए भाई की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को शंभुपुरा निवासी सुशान्त (60)पुत्र कन्हैयालाल अपनी बहन को मिलने के लिए आया था। जहां उसकी तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई।

भारतीय स्टेट बैंक
State Bank of India

भारतीय स्टेट बैंक
शाखा-बड़ी सादड़ी, जिला-चित्तौड़गढ़, (राज.)

आधिपत्य सूचना परिशिष्ट-IV नियम 8(I) देखें

जबकि, अथोहस्ताक्षरकर्ता, **भारतीय स्टेट बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) **और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियम 3** के तहत् प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधकर्ता) **श्री प्रभु लाल मेनारिया पुत्र श्री रामेश्वर लाल मेनारिया और श्री प्रभु लाल मेनारिया पुत्र श्री रामेश्वर लाल मेनारिया और श्रीमती दयावंती पत्नी श्री प्रभु लाल मेनारिया और श्रीमती कमला बाई पत्नी श्री कन्हैया लाल मेनारिया, अकाउंट नं. 38107456950, 38106998439** को मांगनी करते हुए, मांग सूचना पत्र दिनांकित 13/09/2022 **को रूपये 12,94,757/- (बारह लाख चौरानवें हजार सात सौ सत्तावन रुपये) दिनांक 13/09/2022** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्च/लागत सूचना-पत्र में उल्लेखित राशि को 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना-पत्र की दिनांक/प्राप्ति दिनांक से लौटाने के लिये निर्गमित किया। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती)के वह राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणग्रहिता को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अथोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अन्तर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पति का आधिपत्य **दिनांक 01 माह दिसम्बर वर्ष 2022** को ग्रहण कर लिया हैं। "प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ का ध्यान अधिनियम की 2002 की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।" ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधककर्ता) को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा संपति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपति के साथ कोई व्यवहार **रूपयें 12,66,04/- दिनांक 01/12/2022** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्चे/लागत के लिये भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार के अध्यधीन होगा।

स्थावर सम्पत्ति का विवरण

श्रीमती दयावंती पत्नी श्री प्रभु लाल मेनारिया और श्रीमती कमला बाई पत्नी श्री कन्हैया लाल मेनारिया की आवासीय सम्पत्ति जो कि **आराजी नंबर 388/2, ग्राम कचूमारा, पोस्ट-भाथोली, तहसील-बड़ी सादड़ी, जिला-चित्तौड़गढ़ राजस्थान** में स्थित है। जिसमें भूमि, भवन ढ़ाचा आदि सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। **जिसकी माप लगभग 7356 वर्ग फीट है।**

चतुः सीमाऐं:	**पूर्व में :** आराजी नंबर -388/2 एवं रोड **उत्तर में :** नाथू की भूमि	**पश्चिम में :** श्री कमुदम चरण की भूमि **दक्षिण में :** आराजी अन्य

दिनांक : 01/12/2022
स्थान : कचूमारा, बड़ी सादड़ी, चित्तौड़गढ़

प्राधिकृत अधिकारी
भारतीय स्टेट बैंक